## खबर संक्षेप

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 8 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद इस मामले में नारनौल के बड़कोदा निवासी महेश को गिरफ्तार किया गया है।

### दहेज प्रताड़ना मामले में दो आरोपी पकड़े

**कोसली।** पुलिस ने दहेज के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। जब उनके बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 18 अप्रैल 2016 को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में सादतनगर निवासी विष्णु और उसकी मां संतोष को गिरफ्तार कर लिया।

### लूट व आर्म्स एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इसी साल धारूहेड़ा क्षेत्र में हथियारों के बल पर लूट की वारदात के बाद 25 जनवरी को केस दर्ज किया था। अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपी यूपी के घोसाई बेटा निवासी फैजान फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर आरोपी प्रभात के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल भी कराया गया था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने इस मामले में प्रभात को गिरफ्तार कर लिया।

### हादसों के बाद फरार चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने 19 दिसंबर को हुए हादसे के बाद दर्ज केस में जांच के बाद कान्हावास निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। हादसे में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ली है। कोसली पुलिस ने 29 दिसंबर को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में नारनौल के नीरपुर निवासी सतीश को गिरफ्तार किया है।

### ईसी एक्ट के तहत फरार आरोपित गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने भगवानपुर गांव में 17 दिसंबर को पकड़े बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर व रिफिल करने के सामान मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध रूप से सिलेंडर रखने के आरोप में बाप-बेटे के खिलाफ इसी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। 187 गैस सिलेंडर, एक पिकअप गाड़ी, एक टैंपो और मोटर पुलिस ने कब्जे में लिए थे। आरोपी मौका पाकर फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने भगवानपुर निवासी राजपाल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस जमानत पर छोड़ दिया गया।

### जिला परिवेदना समिति की बैठक 26 को

**रेवाड़ी।** नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 26 दिसंबर को दोपहर 2 बजे बाल भवन ऑडिटोरियम में होगी।

## विभाग के नाम 26.5 एकड़ जमीन, ज्यादातर पर लोगों का कब्जा

# दो दशक पूर्व एक्वायर की गई जमीन, नहीं हुआ आईडीटीआर का निर्माण, लहलहा रही फसल

- दो बार खाली कराने के बाद फिर से अरबों की जमीन पर कब्जा,
- कबाड़ डालकर किया जा रहा एक हिस्से का इस्तेमाल

आईडीटीआर सेंटर बनाने के लिए जमीनों का अधिग्रहण वर्ष 2006 में किया गया था। जिले में सेंटर बनाने के लिए लगभग 27.5 एकड़ जमीन नेशनल हाइवे के दोनों ओर अधिग्रहित की गई थी, अभी तक निर्माण नहीं हुआ और जमीन पर लोगों कब्जा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिचर्ज सेंटर यानि आईडीटीआर का निर्माण कराने के लिए प्रदेश सरकार ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर एक्वायर की गई अरबों रुपये की जमीन पर सेंटर तो नहीं बना, परंतु यह बेशकीमत जमीन अवैध कब्जे की चपेट में जरूर आ गई है। दो बार कब्जा छुड़वाने के बाद एक बार फिर से जमीन का बड़ा हिस्सा कब्जे की चपेट में है, जिसमें इस समय गेहूं और सरसों की फसल लहलाह रही है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की ओर अपनी इस महंगी जमीन की कोई सुध नहीं ली जा रही है।

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में आईडीटीआर सेंटर बनाने के लिए जमीनों का अधिग्रहण वर्ष 2006 में किया गया था। जिले में सेंटर बनाने के लिए लगभग 27.5 एकड़ जमीन नेशनल हाइवे के दोनों ओर अधिग्रहित की गई थी। इसका मुआवजा भूमालिकों को दे दिया गया था। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने वर्ष 2008 में ही जमीन का भौतिक कब्जा भी ले लिया था। लगभग एक जमीन बाद में एनएचएआई के विस्तार में चली गई। इस समय विभाग के नाम 26.5 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर ज्यादातर उन्हीं लोगों ने कब्जा जमाया हुआ है, जो जमीन का मुआवजा लेने के बाद मालिकाना हक सरकार के नाम करा चुके हैं। इस जमीन के बड़े हिस्से पर नेशनल हाइवे के दोनों ओर खेती की जा रही है। एक कबाड़ी ने भी काफी हिस्से में कबाड़ डाला हुआ है, जबकि नेशनल हाइवे पर जमीन का किराया ही काफी अधिक है। प्रदेश के कई जिलों में आईडीटीआर सेंटर बन चुके हैं। कई जिलों में निर्माण कार्य चल रहे हैं, लेकिन इस जिले में अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।



रेवाड़ी। आईडीटीआर की जमीन पर लगाया गया गेट।



रेवाड़ी। अधिग्रहित जमीन पर लहलहाती हुई सरसों की फसल।



रेवाड़ी। जमीन के पास किया गया अस्थाई निर्माण।

### पांच साल पहले खाली कराया कब्जा

ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की इस जमीन पर सरकार ने महेंद्रा एंड कंपनी से पीपीपी मॉड्यूल आईडीटीआर सेंटर बनाने का करार किया था। जमीन का बड़ा हिस्सा कंपनी को देने के लिए वर्ष 2020 में आरटीए अधिकारियों ने इस जमीन को खाली करा लिया था। इसके बाद आईडीटीआर का मामला ठंडे बस्ते में चला गया। कब्जा करने वाले लोगों ने दोबारा इस जमीन पर खेती करना शुरू कर दिया। जमीन के कुछ हिस्से का वाणिज्यिक इस्तेमाल भी किया जा रहा है।

### फिटनेस सेंटर भी बनाने की थी योजना

इस जमीन पर आधुनिक भवन का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें आरटीए सचिव कार्यालय से लेकर वाहनों की फिटनेस तक के लिए ऑफिस बनाया जाना प्रस्तावित है। अगर नए भवन का निर्माण होता है, इससे जिले के युवाओं को बड़ी फायदा मिलेगा। ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल नहीं होने के कारण प्रशिक्षुओं को रोडवेज की बिल्डिंग में बैठकर ही ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। ट्रैफिक रिसर्च के नाम पर कोई गतिविधि नहीं हो पा रही है। बेशकीमत जमीन अवैध कब्जे की चपेट में है।

### अभी रोडवेज की बिल्डिंग में ऑफिस

ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट का अभी तक अपना ऑफिस नहीं है। बावल के बनीपुर चौक पर रोडवेज बस स्टैंड की बिल्डिंग के एक हिस्से में आरटीए सचिव का कार्यालय चल रहा है। वाहनों की फिटनेस जांच के लिए भी उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं है। फिटनेस का कार्य सेक्टर-16 के रोड पर किया जाता है, जहां अधिकारी सड़क पर खड़े होकर ही फिटनेस जांच करते हैं। जांच के लिए उनके पास पर्याप्त उपकरण तक उपलब्ध नहीं होते। आईडीटीआर में फिटनेस जांच के सभी उपकरण उपलब्ध रहते हैं।



### सरकार को शुरू करनी है प्रक्रिया

आईडीटीआर का निर्माण कराने की प्रक्रिया कई जिलों में चल रही है। सरकार इस जिले में भी निर्माण की प्रक्रिया कभी भी शुरू कर सकती है। जैसे ही आवश्यक औपचारिकताएं पूरी हो जाएंगी, इस जमीन को खाली करा लिया लिया जाएगा।

**सुरेश कुमार, सचिव, आरटीए।**



रेवाड़ी। ज्ञापन दिखाते हुए सोसायटी के निवासी। फोटो : हरिभूमि

## बिल्डर पर क्लब हाउस और पार्क पर कब्जा करने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

कस्बे की एक सोसायटी में फ्लैट लेकर रह रहे लोगों ने बिल्डर व दलाल पर सोसायटी के पार्क और क्लब हाउस पर गलत तरीके से कब्जा करने के आरोप लगाए हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर डीएसपी को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में सोसायटी की महिलाएं भी शामिल रहीं।

फ्लैट मालिकों ने डीएसपी को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया कि बिल्डर ने फ्लैट लेने वाले लोगों को पार्क व क्लब हाउस जैसी सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया था। सुविधाओं को देखते हुए ही उन्होंने फ्लैट खरीदे थे। अब एक ब्रोकर और बिल्डर मिलकर पार्क और क्लब हाउस पर कब्जा जमा रहे हैं। सोसायटी के पार्क में खड़े पेड़-पौधों को उजाड़ा जा रहा है। जेसीबी से पार्क की दीवार तक तोड़ दी गई है। इन पर दूसरी गतिविधियां शुरू कराने के लिए कब्जा किया जा रहा है, जिसका फ्लैट धारक खुलकर विरोध कर रहे हैं। इन लोगों ने ज्ञापन में डीएसपी से दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। बड़ी संख्या में महिलाएं भी ज्ञापन देने वालों में शामिल रहीं।

### चार दिन पूर्व हो चुका विवाद

फ्लैट धारकों का कहना है कि उन्हें सोसायटी में सभी सुविधाएं मुहैया कराने के दावे किए गए थे। सोसायटी में सुविधाओं का अभाव पहले ही था। अब मिल रही सुविधाओं को भी खत्म किया जा रहा है। चार दिन पहले देर शाम बिल्डर और फ्लैट धारकों के बीच खुलकर बवाल हुआ था, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला था।

### अस्पताल निर्माण की मांग धरना रहा जारी



**रेवाड़ी।** पंचायती जमीन पर 200 बिस्तर का अस्पताल बनवाने की मांग पर रामगढ़ भगवानपुर के ग्रामीणों का धरना मंगलवार को 190वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव रोशन लाल ने की। इस अवसर पर संघर्ष समिति के संयोजक अनिल कुमार सरपंच प्रतिनिधि भगवानपुर ने सफल ट्रैक्टर मार्च के लिए क्षेत्र की जनता का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में संघर्ष समिति और भी बड़े आंदोलन का फैसला लेगी। उन्होंने बताया कि जब तक वायदे के अनुसार एनएच-71 के पास भगवानपुर की पंचायती जमीन पर रेवाड़ी का नागरिक अस्पताल शिफ्ट नहीं होगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन को मूलचंद आर्य प्राणपुरा, अभयसिंह फिदेड़ी, राहुल चाहार सिलानी झज्जर, सुधीर कुमार एडवोकेट मीरपुर आदि रहे।

## लिसाना डबल मर्डर केस में दो को आजीवन कारावास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मार्च 2019 में जिले के गांव लिसाना में नाली के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. सुनीता ग्रोवर की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। दोनों को आजीवन कारावास व 26-26 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव लिसाना निवासी हंसराज ने बताया था कि उनके ताऊ के लड़के धर्मबीर व कमल का गांव के ही राजेन्द्र के परिवार के साथ गंदे पानी की नाली को लेकर पहले भी कई बार झगड़ा हो चुका था। शिकायतकर्ता के अनुसार 30 मार्च 2019 को सुबह करीब 10:30 बजे दिनेश, देवेन्द्र उर्फ ढिल्लू, उनकी पत्नियां शीतल व ममता तथा राजेन्द्र की पत्नी माया ने मिलकर धर्मबीर व कमल के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां देवेन्द्र उर्फ ढिल्लू ने दोनों भाइयों पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आए चाचा सत्यवान को दोनों हाथों में गंभीर चोटें आईं, जबकि शिकायतकर्ता पर भी चाकू से हमला करने का प्रयास किया गया।

### एक दर्जन से अधिक लोगों की गवाही

कोर्ट में करीब साढ़े 6 साल तक चले इस मामले में पुलिस, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों व सीएफएल के डॉक्टर सहित एक दर्जन से अधिक लोगों की अदालत में गवाही हुई। दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बहस और दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दिनेश और देवेंद्र को दोषी करार दिया। अन्य आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए हत्या के आरोपों से मुक्त कर दिया गया। पुलिस की ओर से ठोस साक्ष्य पेश किए जाने के कारण आरोपियों को दोषी ठहराने में मदद मिली।

## पोल से टकराया कैंटर बड़ा हादसा टला

**बावल।** सोमवार की रात मीणा मोहल्ला में एक कैंटर ने कोहरे के कारण बिजली के पोल में टक्कर मार दी। इससे पोल टूटकर जमीन पर गिर गया। शॉर्ट सर्किट के कारण बिजली बंद होने से बड़ा हादसा टल गया। इससे पूरे मोहल्ले की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

रात को करीब 1 बजे माहेल्ले से गुजर रहे एक कैंटर के चालक को पोल दिखाई नहीं दिया। मकान से टकराने के बाद कैंटर गाड़ी पोल से टकरा गई।

## रोहिंग्या व बंगलादेशी नागरिकों की पहचान के लिए की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्पेशल सेल इंचार्ज निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने स्थानीय पुलिस व स्वैट टीम के साथ मंगलवार को थाना कसौला व बावल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बंगलादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए एक विशेष सर्च अभियान चलाया। जिसके तहत जिला पुलिस ने झुग्गी, झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर विशेष सर्च अभियान चलाकर अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी, विदेशी नागरिक, रोहिंग्या व संदिग्ध लोगों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने वहा पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र भी जांचे। अभियान के तहत पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान सुनिश्चित की तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। इसके साथ ही पुलिस ने वाहनों के कागजातों की भी जांच की।



रेवाड़ी। झुग्गियों में रहने वाले लोगों से पूछताछ करती पुलिस टीम।

### एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने दी हिदायत

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस द्वारा बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है और आगे भी इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं उनकी पहचान सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम उठाए जा रहे हैं। सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अप्रवासी रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करके उनको वापिस भेजने की प्रक्रिया अमल में लाई जाए।

## गज्जीपुर में अवैध कालोनी पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने मंगलवार को गज्जीपुर की राजस्व सीमा में जेसीबी चलाकर वहां विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोंज कर दिया। पुलिस बल मौजूद होने के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ।

डीटीपी की ओर से अवैध कॉलोनियों की लिस्ट में गज्जीपुर की राजस्व सीमा भी शामिल थी। यहां लगभग चार एकड़ जमीन में कॉलोनी विकसित करने का कार्य किया जा रहा था। डीटीपी की टीम ने पुलिस बल को साथ लेकर वहां अवैध कॉलोनी पर एक्शन लिया। जेसीबी मशीन से 7 डीपीसी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया गया। इस कार्रवाई से कॉलोनी विकसित करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया, परंतु पुलिस बल मौजूद होने के कारण ऐसा नहीं हो सका। डीटीपी मंदीप सिहाग ने बताया कि अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने की छूट किसी भी सूरत में नहीं दी जाएगी।



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी में दीवार तोड़ते हुए जेसीबी मशीन।

## अदालतों को चकमा देने वाले सात आरोपी दबोचे



रेवाड़ी। विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किए गए पीओ पुलिस टीमों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अदालतों में चल रहे केसों के दौरान हाजिर नहीं होने के कारण पीओ घोषित किए जा चुके आरोपियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। इसी कड़ी में पुलिस ने कोर्ट से घोषित 5 पीओ को गिरफ्तार किया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर पुलिस ने पीओ और जेल जंपर्स को काबू करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया हुआ है।

थाना कोसली पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में अदालत से पीओ घोषित किए गए चरखी दादरी के गांव बूरा खेड़ी निवासी विनोद को गिरफ्तार किया है। कोसली पुलिस ने वर्ष 2019 में दर्ज एक्सिडेंट के एक मामले में कारोली निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश नहीं होने के कारण उसे पीओ घोषित करते हुए पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। थाना माडल टाऊन पुलिस ने वर्ष 2023 में दर्ज चोरी के एक मामले में कोर्ट से उद्घोषित किए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला धक्का बस्ती राजीव नगर निवासी नवीन उर्फ धुर्व के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में पीओ घोषित किए गए गांव पातुहेडा निवासी महाबीर को गिरफ्तार किया गया है।

### दो अन्य आरोपी भी पकड़े गए

थाना माडल टाऊन पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में अदालत से पीओ घोषित किए गए गुरुग्राम के गांव मोकलवास निवासी रोहित यादव को गिरफ्तार किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया था। थाना बावल पुलिस ने वर्ष 2024 में दर्ज मारपीट के एक मामले में कोर्ट से घोषित किए गए पीओ झज्जर के गांव न्यौला निवासी दीपक उर्फ न्यौलिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया।

**सुविधा** मिल को लेकर विधायक अनिल यादव ने जाहिर किया खुशी का इजहार

# कोसली हलके लिए नायाब तोहफा हैफेड फ्लोर मिल, अमित शाह आज करेंगे वर्चुअल शुभारंभ

सुनील गर्ग ▶▶| कोसली

जाटूसाना में लगभग 6 एकड़ में 13.60 करोड़ रुपये की लागत से बनी हैफेड फ्लोर मिल क्षेत्र के लोगों के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 दिसंबर को पंचकूला से वर्चुअल माध्यम से इस अत्याधुनिक आटा मिल का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान 60.75 लाख रुपये की लागत से तैयार 6 गांवों में लाइब्रेरी का शुभारंभ भी किया जाएगा। विधायक अनिल कुमार यादव ने बताया कि जाटूसाना हैफेड आटा मिल ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक विकास और आमजन को रोजगार दिए जाने की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आटा मिल हरियाणा की सबसे बड़ी अत्याधुनिक आटा मिल है, जिसकी उत्पादन क्षमता 100 मीट्रिक टन प्रतिदिन की है। विधायक ने बताया कि 13.60 करोड़ रुपए की लागत से करीब 6 एकड़ भूमि में स्थापित की गई यह आटा मिल पीएलसी कंट्रोल के साथ पूरी तरह से स्वचालित होगी, जो उत्पादन के हर स्टेज पर सटीकता के साथ कार्य करेगी। विधायक ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मिल की स्थापना से किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। इस पहल से कोसली हलके की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। विधायक ने बताया कि डहीना ब्लॉक के मसीत गांव में 11 लाख 7 हजार रुपए, कंवाली गांव में 10 लाख 49 हजार रुपए, जाटूसाना ब्लॉक के गांव जाटूसाना में 9 लाख 10 हजार रुपए, करावरा में 9 लाख 20 हजार रुपए, नाहड़ खंड के गांव कृष्ण नगर में 11 लाख 18 हजार रुपए और बव्वा गांव में 9 लाख 71 हजार रुपए की लागत से बनी 6 लाइब्रेरियों का शुभारंभ भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वीसी के माध्यम से बुधवार को करेंगे।



जाटूसाना में नवनिर्मित हैफेड फ्लोर मिल।

### मिल का प्लांट अत्याधुनिक

हैफेड के जिला प्रबंधक रामकुमार ने बताया कि इस फ्लोर मिल की दैनिक आटा उत्पादन क्षमता 100 टन है। मिल में आटा तैयार करने की तकनीक उच्च क्षमता की है। इसके परिचालन में आने के बाद क्षमता में और वृद्धि भी की जा सकती है। यह फ्लोर मिल क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ा तोहफा है, जिसका शुभारंभ बुधवार को हो जाएगा। परिचालन के लिए मिल का ट्रायल काफी समय पहले ही हो गया था।



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।



## लाइफ Style

# किआरा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

## मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं। साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।



# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है,



बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं। 'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### *प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता*

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### *डॉन 3 हुई पोस्टपोन*

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स

# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास


*नई दिल्ली। जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गईं।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सभ्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।







**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा** : साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

## खबर संक्षेप



### मॉडर्न स्कूल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** महान गणितज्ञय श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर के सानिध्य में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पांच राउंड में किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं से पायल, कक्षा सातवीं से पूजा तथा कक्षा सातवीं से प्रिया ने प्रथम स्थान, खुशी, हिमानी व तरुण ने द्वितीय तथा साक्षी, पायल व शिवम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्यायक मंडल की भूमिका मुकेश पाथेड़ा व राखी खुशवाह ने निभाई।

### स्व. डॉ. श्याम सुन्दर की चौथी पुण्यतिथि मनाई

**नारनौल।** जनसेवा मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन बाछौदिया व जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा के पिता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. डॉ. श्यामसुन्दर शर्मा की चौथी पुण्यतिथि उनके निवास स्थान पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुण्यतिथि कार्यक्रम में संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा एक उच्च कोटि के समाजसेवी थे, जो जीवनभर गरीबों और असहायों की सेवा में समर्पित रहे।

### सहगल फाउंडेशन ने मनाया किसान दिवस

**नारनौल।** एसएम सहगल फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक के संयुक्त प्रयास से संचालित परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत महेंद्रगढ़ ब्लॉक के गांव जासावास व नानगवास में राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी थीम देश की रीढ़, मिट्टी के सच्चे हीरो–हमारे किसान रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान जासावास गांव मे 75 पुरुष व महिला किसानों ने भाग लिया व नानगवास गांव मे 80 पुरुष तथा महिला किसानों ने भाग लिया।

### 22 दिनों में 291 आरोपित किए गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस ने जिले में अपराध और नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन का सफल संचालन किया है। एक दिसंबर से 22 दिसंबर तक चले इस व्यापक अभियान का उद्देश्य जिले के संवेदनशील इलाकों में पुलिस की पकड़ मजबूत करना और अपराधियों में कानून का भय पैदा करना था। इस दौरान पुलिस ने नशा तस्करों, जुआरियों और असमाजिक तत्वों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 291 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है। पुलिस टीमों ने 251 नशा, शराब व जुआ के हॉटस्पॉट्स पर औचक निरीक्षण और सघन कॉम्बिंग की।

### 53 जोड़ी पादुकाएं समर्पित करेंगे : डॉ. संजय शर्मा

**नारनौल।** चरण पादुका अभियान प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट का महत्वपूर्ण सेवा प्रकल्प है। इस मानवीय संवेदनाओं के अभियान को आगे बढ़ाते हुए प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर 53 जोड़ी पादुकाएं समर्पित कर अभियान को नई गति प्रदान की। ट्रस्टी अजय शर्मा व नरोत्तम सोनी ने बताया कि चरण पादुका अभियान का शुभारंभ तत्कालीन रेडक्रॉस महासचिव महेश जोशी की ओर से गर्मियों में किया गया था। इसी निरंतरता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर से आरंभ किए इस अभियान में पूर्व प्राचार्य जसवंत सिंह अकबरपुर मुख्य अतिथि रहे।

*आॅटो मार्केट के पीछे खाली जमीन पर नगर पालिका की ओर से नया भवन बनाया जाएगा*

# नगर पालिका के नए भवन के लिए कार्य शुरू, तीन करोड़ 20 लाख रुपये से 15 महीने में पूरा करना होगा निर्माण

- नगर पालिका के नए भवन में आधुनिक सुविधाएं होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ऑटो मार्केट के पीछे खाली जमीन पर नगर पालिका (नपा) की ओर से नया भवन बनाया जाएगा। ठेकेदार की ओर से भवन बनाने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया। ठेकेदार द्वारा नपा के यह भवन 15 महीने में तैयार करके देना होगा। नगर पालिका की ओर से नए भवन के लिए तीन करोड़ 20 लाख रुपये खर्च किए जाएगा। ठेकेदार की ओर से नए भवन को आधुनिक बनाया जाएगा। फिलहाल नए भवन के लिए लैबर आदि आ चुकी है और कार्य भी शुरू कर दिया गया हैं। नगर पालिका का यह नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।



**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका के नए भवन के लिए कार्य करते मजदूर। *फोटो : हरिभूमि*

बता दें कि महेंद्रगढ़ नगर पालिका का पुराना भवन जर्जर हो चुका हैं। अधिक स्टाफ होने के चलते उठने–बैठने में परेशानी होती हैं। इसके अलावा पुराना भवन शहर के मैन बाजार में होने के चलते दुकानदार आदि अपने वाहन को नगर पालिका कार्यालय में खड़ी करके चले जाते हैं। वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय शंकर मार्केट में स्थित है। यह कार्यालय 1991 में बनाया गया था। जगह की कमी के अभाव में पालिका का नया भवन बनाने का निर्णय लिया गया था।

सरकार से पहले ही स्वीकृति मिल चुकी थी। अब ऑटो मार्केट में नए भवन के लिए कार्य शुरू हो चुका हैं। करीब तीन एकड़ में खाली पड़ी नगर पालिका की जमीन पर पालिका ग्रांउड फ्लोर सहित तीन मंजिला भवन बनाया जाएगा। सरकार की ओर से इसकी पहले ही स्वीकृति भी मिल चुकी थी। करीब तीन करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाला नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

#### यह सुविधाएं मिलेंगी

कार्यालय में तीन मंजिला भवन होगा। ग्राउंड फ्लोर पर एडमिन ब्रांच होगा, जहां चेयरमैन, सचिव आदि के अलग-अलग कक्ष होंगे। इसी फ्लोर पर एक कांफ्रेंस हाल भी होगा। जहां पर एमई, जेई, पटवारी, बीआई के कक्ष होंगे। इसके अलावा अकाउंट ब्रांच भी इसी फ्लोर पर होगी। दूसरे फ्लोर पर महिला और महिला पुरुषों का अलग-अलग रैनबसेरा बनाया जाएगा। सभी फ्लोर पर पानी और शौचालय की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा भवन में लिफ्ट भी लगाई जाएगी। इसके साथ शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व सार्वजनिक पार्किंग की सुविधा भी होगी।

#### उच्च गुणवत्ता का सामान प्रयोग होगा

ऑटो मार्केट के पीछे करीब तीन करोड़ 20 लाख रुपये में नगर पालिका का नया भवन बनाया जा रहा है। ठेकेदार की ओर से कार्य शुरू कर दिया हैं। ठेकेदार को 15 महीने का नया भवन बनाने का समय दिया गया हैं। नए भवन में उच्च क्वालिटी का मैटेरियल यूज किया जाएगा। भवन में लगने वाली सामाग्री का विशेष रखेंगा, ताकि भवन अच्छा बन सकें।

**– रमेश सैनी, प्रधान, नगर पालिका, महेंद्रगढ़।**

## नारनौल के सिंघाना रोड पर एसई कार्यालय में की नारेबाजी

# ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों का धरना

दो घंटे के प्रदर्शन के बाद आंदोलनकारियों ने एसई जोगिंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली निगम के कर्मचारियों का धरना–प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। अन्य दिनों की तुलना में आज के धरने में काफी संख्या में निगम कर्मियों ने भाग लिया तथा एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी। इतना ही नहीं, दो घंटे के धरने–प्रदर्शन उपरांत आंदोलनकारियों ने एसई जोगिंद्र सिंह हुड्डा को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने ट्रांसफर समेत कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को उठाया तथा उन्हें सरकार से पूरा करवाने की मांग की।

सिंघाना रोड एसई कार्यालय प्रांगण परिसर में आयोजित धरने का मंच संचालन सुभाष रोहिल्ला ने की, जबकि अध्यक्षता सर्किल सचिव सत्यवान ने की। इस मौके पर जिला प्रधान शिव कुमार एवं यूनिट प्रधान सत्यप्रकाश ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी नीति विभाग, कर्मचारियों और उपभोक्ताओं, तीनों के हितों के प्रतिकूल है। इसके लागू होने से न केवल विभागीय कार्यकुशलता और तकनीकी समन्वय प्रभावित होंगे, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। विशेष रूप से, बिजली विभाग के तकनीकी एवं जोखिमपूर्ण स्वरूप को देखते हुए इस नीति का व्यवहारिक क्रियान्वयन संभव नहीं है, क्योंकि नए क्षेत्र की तकनीकी व्यवस्था से अपरिचितता के कारण लाइन स्टाफ की सुरक्षा पर सीधा खतरा उत्पन्न होगा, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ेगी। क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी न होने से फॉल्ट रिकवरी, बिजली चोरी नियंत्रण तथा नई कनेक्शन जांच जैसे कार्यों में गंभीर कठिनाइयां आएगी। प्रत्येक फीडर, क्षेत्र और स्टेशन की संरचना व परिस्थितियां भिन्न होने से बार-बार स्थानांतरण के कारण कर्मचारियों का ग्राउंड नॉलेज समाप्त हो जाएगा।

सिस्टम स्ट्रेंथनिंग एवं इम्प्रूवमेंट वर्क्स जैसी दीर्घकालिक योजनाओं में अस्थिरता आएगी, जिससे विभागीय उत्पादकता प्रभावित होगी। यह भी चिंता का विषय है कि इस नीति को लागू करने से पूर्व फील्ड स्तर के कर्मचारियों और तकनीकी वर्ग से कोई ठोस परामर्श नहीं किया गया। बिना किसी ग्राउंड-लेवल मूल्यांकन के इसे लागू करना भविष्य में गंभीर प्रशासनिक, तकनीकी और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का कारण बनेगा।





**नारनौल।** धरने के दौरान नारेबाजी करते बिजली निगम कर्मचारी व एसई जोगेंद्र सिंह हुड्डा को ज्ञापन सौंपते निगम कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### यह मांगें भी उठाईं

पुरानी पेंशन योजना लागू करने, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की समीक्षा या समाप्ति, डीसी रेट/एचकेआरएन कर्मचारियों का नियमितीकरण एवं समान वेतन नीति लागू करने, कर्मचारियों के भत्तों में वृद्धि व रिस्क अलाउंस देने बारे, बाहरी जोन में कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण, कॉमन कैडर के अंतर्गत पदोन्नति, जेई/जेई-1 (इलेक्ट्रीकल) सेएसडीओ पदोन्नति कोटा में वृद्धि, क्लैरिकल कर्मचारियों के अनक्वलीफाइड कोटा में वृद्धि, एएसएसए से एसएसए पदोन्नति एवं स्थान निर्धारण, चार्जशीट/शोकॉज के कारण एसीपी, लौनएवं प्रमोशन लाभ न रोके जाएं, चिकित्सा सुविधाएं एवं कैशलेस मेडिक्लेम पॉलिसी, एक्स-ग्रेशिया पॉलिसी 2019 में संशोधन, वेतन विसंगतियों का निवारण करने की मांग भी धरनारत कर्मचारियों की ओर से की गई।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर नारनौल यूनिट सचिव प्रमोद शर्मा, महेंद्रगढ़ यूनिट सचिव नवीन व सचिव अनिल, जितेन्द्र डांगी, चंद्रजीत, सुरेंद्र, अजीत, बलवान, विनीत, जितेन्द्र जेई, शेरसिंह, अशोक जेई, भूपसिंह बडेसरा आदि कर्मचारी समेत सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।



**महेंद्रगढ़।** बनाए हुए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### यदुवंशी स्कूल में मनाया किसान दिवस

महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल में किसान दिवस मनाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने किसानों के महत्व को समझते हुए विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के अन्नदाताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने कविता पाठ, भाषण, पोस्टर मेकिंग, जैसी गतिविधियों के माध्यम से किसानों के जीवन, संघर्ष और योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत से ही हर घर में अन्न पहुंचता है। आज के विद्यार्थी ही कल के नागरिक हैं और यदि वे किसानों का सम्मान करना सीख लें, तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित है। इस मौके पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# अटेली को उपमंडल बनाने की मांग बहुजन समाज पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

- प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बसपा नेता अतरलाल ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बहुजन समाज पार्टी ने अटेली को तत्काल उपमंडल व दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में मंगलवार को बसपा प्रतिनिधि मंडल ने अटेली तहसील में पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व क्षेत्र पुर्नगठन कमेटी के अध्यक्ष विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णपाल पंवार को प्रेषित ज्ञापन रीडर उषा को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बसपा नेता अतरलाल ने किया। रीडर ने ज्ञापन को तत्काल राज्य सरकार को भेजने का भरोसा दिया।

ज्ञापन देने के बाद अतरलाल ने कहा कि अटेली तहसील उपमंडल बनने के सभी नियम, कायदे, कानून पूरे करती है। 54 गांवों पर आधारित बड़ी तहसील है। पुलिस स्टेशन है, यहां दो सरकारी कॉलेज तथा अनेक प्राइवेट कॉलेज हैं। नजदीक मिर्जापुर गांव में हवाई पट्टी है। रेलवे स्टेशन, बस अड्डा तथा कनेक्टिविटी से परिपूर्ण है।



**नारनौल।** अटेली को उपमंडल की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते बसपा नेता अतरलाल।

## पटेल पार्क में स्वामी श्रद्धानंद का 100वां बलिदान दिवस मनाया

# आधुनिक भारत के निर्माण में श्रद्धानंद का अहम योगदान

*सामूहिक यज्ञ में यजमान डॉ. राजपाल, हेमलता, वासुदेव व कृष्णा आर्य रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हुडा सेक्टर एक स्थित पटेल पार्क में स्वामी श्रद्धानंद का 100वां बलिदान दिवस मनाया गया। कप्तान जगराम आर्य के निर्देशन में सामूहिक यज्ञ किया गया, जिसमें यजमान डा. राजपाल, हेमलता, वासुदेव व कृष्णा आर्य रहे। इसके बाद स्वामी श्रद्धानंद को श्रद्धांजलि दी गई, जिसका जिसका संचालन डा. रामनिवास आर्य ने किया। इस मौके पर स्वामी हसानंद ने स्वामी श्रद्धानंद को ईश्वर का अनन्य भक्त तथा गुरुकुल पद्धति के जनक बताया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना कर उन्होंने वैदिक विद्वानों की लंबी श्रृंखला खड़ी की, जिससे देश-विदेश में वैदिक धर्म को प्रचारक मिले। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के में बड़ी भूमिका निभाई थी। सत्यव्रत शास्त्री ने कहा स्वामी श्रद्धानंद वह महान विभूति थे, जिन्होंने अंग्रेजों की संगीनों के सामने छाती अड़ा दी थी और दुनिया में पहली बार अंग्रेजों की संगीने एक आर्य विद्वान साधु के सामने झुक गई थी। उन्होंने कहा कि वह हिंदू–मुस्लिम एकता के बड़े पक्षधर थे और भटके हुए हिंदू परिवारों को पुनः हिंदू धर्म में दीक्षित करवाने हेतु शुद्धि आंदोलन के जनक थे। तत्कालीन समाज और नेतृत्व के विरोध के बावजूद उन्होंने शुद्धि आंदोलन चलाया, जिसमें लाखों लोगों ने घर वापसी की।

स्वामी श्रद्धानंद एकमात्र पहले और अंतिम ऐसे आर्य विद्वान सन्यासी हुए, जिन्होंने जामा मस्जिद के मंच पर खड़े होकर ऋग्वेद से अपने व्याख्यान की शुरुआत की।



**नारनौल।** आर्य बुद्धिजीवियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

आज के कार्यक्रम में महाशय सत्यवीर दताल ने भजन उपदेशक के रूप में भूमिका निभाई। धर्मवीर एडवोकेट, डॉ. ओमप्रकाश ,महात्मा राधेश्याम व जेपी कौशिक ने भजनों के माध्यम से स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राव होशियार सिंह बलाहा, बंशीधर पालड़ी, सांवत सिंह गोद, प्रेम देवी आर्या, रामसिंह मधुर, होशियार सिंह पीटीआई, विनोद आर्य, वीर सिंह, लालसिंह व सरदार सिंह भुंगारका आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### आरपीएस विद्यालय में किसान दिवस मनाया

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यायल के प्राइमरी विभाग में किसान दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायंत्री मंत्र और प्रार्थना से की गई। सर्वप्रथम बच्चों ने किसान दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने कविता, भाषण और नारों के माध्यम से किसानों के परिश्रम और योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने किसान की वेशभूषा में लघु नाटिका तथा सुंदर नृत्य भी प्रस्तुत किए। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, जो दिन-रात मेहनत करके सभी को अन्न प्रदान करते हैं। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरणसिंह भारत के महान किसान नेता थे। वे किसानों के मसीहा कहे जाते हैं।

### अरावली को मारने की साजिशः डॉ. मनीष




**महेंद्रगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव ने प्रेस के नाम बयान जारी कर कहा कि भाजपा पार्टी ने अरावली पर्वतमाला, जो भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है और उत्तरी भारत की जीवनरेखा मानी जाती है, आज सरकारी लापरवाही और कॉरपोरेट लालच के कारण विनाश के कगार पर खड़ी है। एक तरफ विकास और सस्टेनेबल डवलपमेंट की बड़ी-बड़ी ढींगे मारते हैं, दूसरी तरफ दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला अरावली को 'बौना' घोषित करके मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की उस 'वैज्ञानिक' परिभाषा को मंजूर कर लिया, जिसमें केवल 100 मीटर से ऊंची भूमिरूपों को ही 'अरावली पहाड़ी' माना जाएगा। जिसका नतीजा अरावली का 90 हिस्सा अब संरक्षण से बाहर हो गया। यह फैसला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश है, जहां पर्यावरण मंत्रालय की अगुवाई में कॉरपोरेट मित्रों और अन्य खनन माफियाओं को अरावली की लूट का लाइसेंस सौपा जा रहा है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया ने पहले ही चेतावनी दी थी कि इससे 90 प्रतिशत क्षेत्र असुरक्षित हो जाएगा, लेकिन सरकार ने ग्रीन शील्ड हटाकर रेगिस्तान की आग में उत्तर भारत को झोक दिया। क्या यह लोकतंत्र है या कॉरपोरेट तानाशाही, जहां जल, जंगल और जमीन सब बिकाऊ माल बन गए हैं।



### तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए गणित प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** छात्रों की तार्किक क्षमता विकसित करने तथा उनके बौद्धिक स्तर में वृद्धि करने के लिए आरपीएस विद्यालय में प्राथमिक व मिडल विभाग में अंतर्सदनीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों के चयन के लिए एक स्क्रीनिंग टेस्ट रखा गया। इस दौरान मिडिल विभाग के बच्चों द्वारा रामानुजन कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं के द्वारा बनाए गए मॉडल रखे गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चार टीमें निर्धारित की गई। ये प्रतियोगिता पांच चरणों में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्राचार्य किशोर तिवारी ने विजेता टीमों को बधाई दी तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। प्राथमिक विभाग की प्रतियोगिता में अब्दुल कलाम हाउस टीम प्रथम, मदर टेरेसा हाउस टीम द्वितीय व एस रामानुजन टीम द्वितीय रही। मिडिल विभाग में भास्कर टीम प्रथम, एस रामानुजन टीम द्वितीय तथा ब्रह्मगुप्त टीम तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर उपप्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, विंग हैड देवेन्द्र पुनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनिता अहलावत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।



### विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर में एक्टिव लर्निंग विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सीबीएसई रिसोर्सपर्सन डॉ. आशु जैन द्वारा लगभग 60 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक, प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना रहा। डॉ. आशु जैन ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान बताया कि एक्टिव लर्निंग के माध्यम से छात्र केवल सुनने वाले नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनते हैं। उन्होंने गतिविधि आधारित शिक्षण, समूह चर्चा, प्रश्नोत्तर तकनीक और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को कक्षा में नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया।

### ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** बूंदेबाज नगर स्थित गुरुकुलम आरडीग्रीन ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में पीटीएम एवं साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों ने भी भाग लिया। सबसे आकर्षण का केंद्र बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के लगाए गए स्टॉल रहे। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए, जिसमें बच्चों ने एवं अभिभावकों ने अच्छी खासी खरीददारी भी की। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में भी भाग लिया। विज्ञान से संबंधित अनेक मॉडल बच्चों के द्वारा बनाए गए थे, जिसमें अभिभावकों ने काफी जिज्ञासा दिखाई। साथ हीं बच्चों ने अभिभावकों को उन सभी मॉडल के बारे में विस्तार से समझाया। प्रबंधन मुखिया हरिसिंह ने कहा कि हमें इस प्रकार के आयोजनों से हमें बहुत अधिक सीखने को मिलता है।

## साइबर ठगी में होती रही लगातार वृद्धि, खाताधारकों को काबू करने तक सीमित रही पुलिस

# सालभर किया जागरूक फिर भी धन कमाने के चक्कर में लुटते रहे लोग

डेढ़ गुणा बढ़े ठगी के मामले, ठगों ने लोगों को जाल में फंसाने के लिए नए-नए हथकंडे तक अपनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। साउथ रेंज साइबर पुलिस स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

साइबर ठगों से बचने के लिए पुलिस साल भर लोगों को जागरूकता का पाठ पढ़ाती रही, लेकिन इसका आमजन पर कोई खास असर नहीं हुआ। रातों-रात लखपति बनने के लालच में लोग साइबर ठगों के हाथों शिकार बनते रहे। नतीजा यह हुआ कि गत वर्ष की तुलना में इस साल साइबर के मामले डेढ़ गुणा से भी ज्यादा बढ़ गए। गिरफ्तारी के नाम पर पुलिस बैंक अकाउंट होल्डर और मध्यस्थों तक को ही काबू करने में व्यस्त रही। कुछ मामलों को छोड़कर ठगी के मास्टर माइंड पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाए।

पुलिस विभाग की ओर से आमजन को साइबर ठगों के हाथों ठगी से बचने के लिए साल के शुरू से ही जागरूक करने के लिए कार्यक्रम चलाए गए। इसके बाद भी मोटी रकम कमाने का लालच पुलिस की जागरूकता पर लगातार भारी पड़ता नजर आया। ठगों ने लोगों को जाल में फंसाने के लिए नए-नए हथकंडे तक अपनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। साल के शुरू से ही साइबर ठगों का खेल तेज हो गया था, जो अंत तक चल रहा था। बीते साल साइबर ठगी के लगभग 100 मामले दर्ज किए गए थे। इस साल साइबर ठगी की एफआईआर दर्ज होने का आंकड़ा 150 के पार पहुंच गया है। बीते साल की तुलना में इस बार शिकायतें मिलने का आंकड़ा भी दो गुणा से ज्यादा बढ़ गया। इस साल औसत 15 शिकायतें हर दिन मिलती रही हैं या फिर डायल-1930 पर दर्ज होती रही हैं। बीते साल यह आंकड़ा 10 शिकायतों के आसपास ही सीमित रहा था। पुलिस एफआईआर दर्ज करने वाले मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार भी करती रही, परंतु इनमें अधिकतर आरोपी बैंक खाता धारक या खाता दिलाने में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले लोग ही शामिल रहे।

### डिजिटल अरेस्ट का खूब दिखाया डर

लोगों को डर दिखाकर ठगी का शिकार बनाने के लिए साइबर ठगों ने इस साल डिजिटल अरेस्ट का डर भी खूब दिखाया। कोसली क्षेत्र के एक टीचर ने तो डिजिटल अरेस्ट की चेतावनी पर खुद को कमरे में बंद कर लिया था। उसने अपने परिवार के सदस्यों तक से बातचीत करना बंद कर दिया था। बाद में जब उसके दोस्त को इस बात का पता चला, तो उसने टीचर को कमरे से निकालकर पुलिस तक पहुंचाया। पुलिस विभाग की ओर से लोगों को यह समझाने पर भी पूरा जोर लगाना पड़ा कि डिजिटल अरेस्ट का कानून में कोई प्रावधान ही नहीं है।

### अब आईजीएल की केवाईसी का फंडा

साइबर ठगों ने साल के शुरू में आईजीएल कंपनी की केवाईसी कराने के नाम पर लोगों को जमकर ठगी का शिकार बनाया था। लोगों की समझ में आने के बाद ठगों ने यह तरीका बंद कर दिया था। अब एक बार फिर से आईजीएल की केवाईसी के बहाने ठगी के मामले बढ़ने लगे हैं। केवाईसी के नाम पर साइबर ठग सभी आवश्यक जानकारी हासिल कर लेते हैं। इसके बाद संबंधित व्यक्ति का बैंक खाता साफ कर दिया जाता है। दिसंबर माह में केवाईसी के नाम पर डिटेल हासिल करने के बाद ठगी के एक दर्जन से अधिक केस सामने आ चुके हैं।

### डाट एपीके फाइल अभी भी एक्टिव

साइबर ठगों ने डाट एपीके फाइल नाम वायरस से भी लोगों को जमकर ठगी का शिकार बनाया है। यह सिलसिला अभी भी चल रहा है। लोगों को मोबाइल फोन पर शादी का इन्विटेशन कार्ड या कोई फाइल भेजी जाती है। उसे क्लिक करते ही मोबाइल फोन हैक हो जाता है। फोन का नियंत्रण पूरी तरह हैकर के हाथों में चला जाता है।

### विदेशों से चला रहे रैकेट



साइबर ठगी के अधिकांश मास्टर माइंड विदेशों में बैठकर रैकेट चला रहे हैं। वह वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क सिमकार्ड का इस्तेमाल करते हैं, जिस कारण उनकी पहचान नहीं हो पाती। लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाते रहे हैं। इसके बावजूद लालच में आकर लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं। - **फूल कुमार, एसएचओ, साइबर थाना।**





रेवाड़ी। कथा सुनाते हुए वाचक और सुनते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# कलश व शोभायात्रा के साथ हुआ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आगाज

- रेवाड़ी के ऐतिहासिक बारा हजारी स्थित जगन्नाथ मंदिर से निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विश्व सनातन धर्म सेवा ट्रस्ट द्वारा रेवाड़ी में पहली बार आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथामृत का आगाज आज भव्य कलश एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। पृथ्वी का बैकुंठ कहे जाने वाले जगन्नाथ पुरी धाम से रेवाड़ी पहुंचे महाप्रभु के दारू ब्रह्म (विग्रह) स्वरूप श्री जगन्नाथ जी, श्री बलभद्र जी, माता सुभद्रा जी व सुदर्शन जी रथ में सवार होकर शहर के प्रमुख बाजारों से भव्य शोभायात्रा रूप में निकले तो पूरा शहर भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। यह शोभायात्रा शहर के ऐतिहासिक बारा हजारी चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से आरंभ हुई।

इस कलश एवं शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा की जिलाध्यक्ष डॉ वंदना पोपली एवं रेवाड़ी नगर परिषद की चेयरपर्सन पूनम यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद यह यात्रा सब्जी मंडी, भाड़ावास गेट अग्रसेन चौक, बस अड्डा, अंबेडकर चौक होती हुई बैंड बाजों और ढोल नगाड़ों के साथ अग्रवाल भवन पहुंची, जहां भारी संख्या में मौजूद शहर वासियों ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। शहर में पहली बार पधारे जगन्नाथ संस्कृति के प्रकांड विद्वान एवं भविष्य मालिका पुराण के रचयिता परम पूज्य पंडित डॉ. काशीनाथ मिश्र ने अपनी दिव्य वाणी में कथा प्रवचन करते हुए सबसे पहले रेवाड़ी की पावन धरा को नमन किया और महाप्रभु जगन्नाथ के श्री चरणों में वंदन करते हुए कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन मात्र से ही समस्त पापों का नाश हो जाता है। उन्होंने कहा कि कलयुग के अंतिम ग्रंथ भविष्य मालिका पुराण जो 600 साल पहले स्वयं श्री चैतन्य महाप्रभु ने पंचसखाओ के द्वारा उड़िया भाषा में लिपिबद्ध कराया था, उसी शास्त्र को जगन्नाथ प्रभु जी के आदेशानुसार 40 वर्ष के अध्ययन के बाद देश विदेश की सभी भाषाओं में रूपांतरित करने का कार्य किया है। इस ग्रंथ की सभी भविष्यवाणियां अकाट्य सत्य हैं। हमें इसका अध्ययन और श्रवण करके अपना और अपनों का उद्धार करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक नवीन भुराड़िया ने क्षेत्र के धर्म अनुयायियों का आह्वान किया कि अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए इस धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### कार्यक्रम में इन लोगों ने लिया हिस्सा

इस अवसर पर भाजपा नेत्री नीतू चौधरी, एडवोकेट प्रवीण शर्मा, कृपा जैमिनी, रीतू भुराड़िया, राकेश गुप्ता, पवन गुप्ता, अंशुल भुराड़िया, लोकेश भुराड़िया, सीमा माहेश्वरी, पूनम, सुप्रिया, पारुल डागा, रोहन डागा, प्रदीप डागा, जगन्नाथ मंदिर के पुजारी पंडित टेकचंद शर्मा, उत्सव भुराड़िया, राजीव गोयल, विकास, नवीन माहेश्वरी, हिमांशु कौशिक के अलावा, शिव कावड़ संघ के तमाम सदस्यों सहित भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए पहुंचे और कार्यक्रम में अपनी आहुति दी।

### वेटरन दिवस का आयोजन कादरपुर में 29 को

**कोसली।** सैन्ट्रल आर्मड पुलिस फोर्स व असम राइफल्स के पूर्व जवानों की वैटरन दिवस एवं वार्ब मिटिंग का आयोजन 29 दिसंबर को ग्रुप सेंटर गुरूग्राम कादर पुर में किया जाएगा। जिसमें इस ग्रुप केन्द्र के क्षेत्राधिकार हरियाणा राज्य के जिला भिवानी, दादरी, झज्जर, महेन्द्रगढ, रेवाडी, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, एवं गुरूग्राम में निवासरत सीएपीएफ एवं असम राईफल के सेवा निवृत कार्मिकों को सम्मानित किया जाऐगा।

# स्कूलों में पहुंची नशा मुक्ति टीम, विद्यार्थियों को किया नशे के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। नशे के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करते और नशा नहीं करने की शपथ दिलाते हुए पुलिसकर्मी।

पुलिस विभाग की ओर से नशा मुक्त रेवाड़ी अभियान के तहत मंगलवार को कनुका, भाड़ावास और बधराणा के स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस विभाग की ओर से यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्कूली बच्चों को नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखने का संदेश दिया जाता है। नशा मुक्ति टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हो ।

पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो । अगर गांव या आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें । आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं, इसलिए नशामुक्त और स्वस्थ रहना ही देश की सुरक्षा व प्रगति की गारंटी है। उन्होंने युवाओं को अभियान से जुड़ने का आह्वान किया व सभी को नशामुक्त रेवाड़ी बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया।

### असामाजिक तत्वों की तुरंत पुलिस को दें सूचना

नशा मुक्ति टीम ने अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत डायल-112 पर इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि यदि आपके संज्ञान में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना टअठअर हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।


# जांगिड़ समाज के अध्यक्ष चुनाव पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



जांगिड़ धर्मशाला में मंगलवार को समाज की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें धारूहेड़ा निवासी महेंद्र सिंह जांगिड़ ने प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध कराए जाने की बात पर बल लिया। बैठक में प्रदेश के 6 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जांगिड ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र जांगिड़ ने महेंद्र सिंह जांगिड़ के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध कराए जाने के कदम की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में सामाजिक एकता एवं समरसता बनाए रखने के लिए प्रदेश अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव आवश्यक है। बैठक में आगामी 1 फरवरी को प्रस्तावित प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव संबंधित एजेंडा पर सभी उपस्थित जनों ने विचार विमर्श किया। प्रतिनिधियों ने प्रदेश की एकता को बरकरार रखने के लिए सभी ने एकमत से फरीदाबाद निवासी हनुमान प्रसाद जांगिड को अपना प्रदेश अध्यक्ष का प्रत्याशी घोषित कर निर्विरोध अपनी स्वीकृति प्रदान की। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पर अपनी सहमति प्रदान करने पर सभी का अभिनंदन किया।

# डहीना ब्लॉक कार्यालय में ग्रामीणों को बाल विवाह मुक्त भारत की दिलाई शपथ



**डहीना।** जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए 100 दिवसीय अभियान के तहत सामाजिक संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया के सदस्यों ने डहीना ब्लॉक कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बीडीपीओ करतार सिंह, एसईपीओ जसबीर चौधरी, सरपंच और सचिव विशेष रूप से मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया टीम से जिला संयोजक जगदीप सिंह रावत और तुषार शर्मा ने बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई। जगदीप सिंह रावत ने बाल विवाह के खतरे, संबंधित कानून और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के 100 गांवों में आंगनबाड़ी, स्कूल और कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गांवों में बाल कल्याण समितियां भी गठित की जा रही हैं, ताकि रेवाड़ी को पूर्ण रूप से बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। अभियान के तहत प्रशासन ने पुजारी, पाठी, पंच, सरपंच, नंबरदार, नगर पार्षद, बैंक्वेट हॉल, मैरिज पैलेस, धर्मशाला, कार्ड प्रिंटिंग प्रेस के संचालक,फोटोग्राफर, बैंड-बाजा और टेंट हाउस संचालकों को निर्देश दिए हैं कि विवाह से पहले दूल्हा-दुल्हन की उम्र की जांच अनिवार्य रूप से करें और किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तुरंत दें।

## न्यूज डायरी



### मांगों को लेकर सरकार पर गरजे बिजलीकर्मी

**बावल।** ऑल हरियाणा पावर कोरपोरेशन यूनियन के तत्वावधान में बावल यूनिट कर्मचारियों ने मंगलवार को तीन घंटे का धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्षता बलदेव सिंह ने की। धरने को संबोधित करने वाले वक्ताओं ने ऑनलाइन पॉलिसी का विरोध किया। सरकार के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। तीन घंटे तक विद्युत निगम कर्मचारी धरने पर बैठकर ऑनलाइन पॉलिसी का विरोध करते रहे। प्रधान मोहनलाल बावलिया ने बताया की सरकार की ऑनलाइन पॉलिसी से कर्मियों में रोष है। रोष प्रकट करने के लिए प्रदेश भर में सब डिवीजन लेवल पर तीन घंटे का धरना दिया जा रहा है। सरकार तीन साल बाद कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी लागू करना चाहती है, जो कर्मचारियों के हित में नहीं है। इससे कर्मचारियों को अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।



### स्कूली बच्चों ने किया लोको शेड का भ्रमण

**रेवाड़ी।** शहीद हरलाल पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोडिया कमालपुर के विद्यार्थियों ने मंगलवार को लोको शेड का भ्रमण किया। कार्यक्रम प्रभारी अध्यापक नरेंद्र कुमार व इंदु के नेतृत्व में विद्यार्थियों का दल लोको शेड पहुंचा। कार्यक्रम प्रभारी ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग के व्यवसायिक शिक्षा का अनुभव कार्यक्रम के तहत लोको सेड का भ्रमण किया जिसमें कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहां पर विद्यार्थियों फिल्म शो से रेलगाड़ी के इतिहास से अवगत हुए तथा टॉय ट्रेन का भी आनंद लिया और साथ में भाप इंजन म्यूजियम भी देखा और भाप इंजन को देखकर उनकी कार्य प्रणाली को समझा। भाप इंजन के जमाने से आज के तकनीकी युग में जो परिवर्तन भारतीय रेल में आया है उससे सभी विद्यार्थी अवगत हुए।

### महिला स्वावलंबी योजना की जानकारी दी



**रेवाड़ी।** सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार की ओर से हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान कर रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में विधवा अनुदान योजना शुरू की है, जिसके तहत महिलाओं को तीन लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए वही महिलाएं पात्र होंगी, जिनकी पारिवारिक आय तीन लाख रुपए या फिर इससे कम हो तथा महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी महिला पहले किसी ऋण मामले में डिफाल्टर ना हो और वह हरियाणा की स्थाई निवासी होनी चाहिए। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर है। इस योजना का सहारा लेकर महिलाओं के जीवन स्तर में भी सुधार आने की संभावना है। यह दस्तावेज होने अनिवार्य योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ जमा करवाने होंगे।



### नशे के प्रति बच्चों को किया जागरूक

**कोसली।** उप मण्डल विधिक सेवा प्राधिकरण कोसली के चैयरमैन कम अतिरिक्त सीविल जज सीनियर डिवीजन कोसली अशोक कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को पैनल एडवोकेट बिनाका यादव व पीएलवी संदीप डाबला ने सयुक्त रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों शारीरिक व मानसिक बबार्दी, पारिवारिक विघटन और सामाजिक पतन से जागरूक किया तथा नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसा दलदल है जो व्यक्ति, परिवार और समाज को अंदर से खोखला कर देता है। नशा शरीर को कमजोर, दिमाग को सुन्न करता है, याददाश्त छीन लेता है और व्यक्ति को हर खुशी से दूर कर देता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

कोहरा | रात की ठंड से खतरनाक हो रहा प्रदूषण का स्तर

# कोहरा सुबह के समय रोक रहा रफ्तार, दिन में धूप से राहत, कल से बदलाव की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। एक सरकारी परिसर में कूड़े के ढेर में लगी आग से निकलता धुआं तथा सुबह आसमान में नजर आ रहा प्रदूषण। फोटो : हरिभूमि

रात के समय कड़ाके की ठंड और सुबह के समय कोहरा। दोपहर तक तेज धूप के कारण मौसम का गर्म मिजाज। सुबह प्रदूषण का खतरनाक स्तर। यह सब दिसंबर माह के अंत में देखने को मिल रहा है। मौसम में 25 दिसंबर से बदलाव की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान साल के अंतिम दिनों में इंद्रदेव भी मेहरबान हो सकते हैं। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड कूड़ा जलाने वालों के प्रति पूरी तरह उदार बना हुआ है, जिससे यह समस्या और गहरा रही है। मंगलवार को सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे वाहनों की रफ्तार मंद पड़ी रही। वाहन चालक लाइटें जलाकर एक-दूसरे के पीछे चलते हुए नजर आए। आसमान में कोहरे के साथ धूल और धुआं की चादर भी बनी रही, जिससे सुबह के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई 379 दर्ज किया गया। लगभग 10 बजे बाद तेज धूप खिलते ही कोहरा गायब हो गया। अधिकतम तापमान 3.5 डिग्री बढ़कर 23.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री की कमी के साथ 7.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 70 प्रतिशत तक रहा, जबकि गति बढ़कर 10 किमी प्रति घंटा तक रही। सुबह के समय ही धूप निकलने के बाद दिन भर कड़ाके की ठंड का असर गायब रहा। कोहरा पूरी तरह साफ हो गया, लेकिन शाम को एक बार फिर कोहरे के कारण वाहनों की गति मंद पड़ गई। मौसम विभाग के अनुसार 25 दिसंबर से मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के चलते आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। साल के अंत तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान बूंदाबांदी की संभावना भी जताई जा रही है।

### फसलों के लिए उपयुक्त नहीं गर्मी

दिन का तापमान अभी सामान्य से अधिक बना हुआ है। रबी की फसलों को दिन के समय भी कड़ाके की ठंड की आवश्यकता है, लेकिन गत रविवार के बाद दिन के समय तापमान में कमी नहीं आई है। किसान फसल बचाने के लिए सरसों और बिजाई की नलकूपों से सिंचाई कर रहे हैं। बिजली की कमी के कारण दोनों फसलों की सिंचाई करना मुश्किल साबित हो रहा है, जिस कारण किसानों की नजरें आसमान की ओर लगी हुई हैं।

### ठंड से बढ़ रहा प्रदूषण का खतरा

रात को तापमान में कमी के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जिससे सुबह के समय हवा में नमी के कारण प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। मंगलवार को सुबह के समय एक्यूआई 379 रहा, जो शाम तक कम होकर 221 पर आ गया। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की उदासीनता के चलते लोग कूड़ा जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। कूड़ा जलाने के बाद उठने वाले धुआं के गुब्बार प्रदूषण का स्तर बढ़ाने का कार्य करते हैं। दिल्ली रोड पर सुबह के समय जगह-जगह कूड़े के ढेरों से धुआं निकलना साफ दिखाई देता है।